"सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय डायग्नोस्टिक इमेजिंग की कार्यशाला"

नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल के मार्गदर्शन एवं संचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं, भोपाल के सौजन्य से एस्काड ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत सर्जरी विभाग में डायग्नोस्टिक इमेजिंग टेक्निक के प्रयोग द्वारा पशुओं में विभिन्न विकारों के निदान हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें पहली 3 कार्यशालाएँ क्रमशः 5 से 9 अगस्त, 4 से 8 नवम्बर, 19 से 23 नवम्बर 2019 सफलता पूर्वक आयोजित की जा चुकी है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 45 पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल रेडियोग्राफी, कलर डाप्लर, इ. सी. जी., इकोकॉरडीयोग्राफी, उदर का अल्ट्रासाउण्ड, गेस्ट्रोस्कोपी, सोनाग्राफी एवं ऑटोस्कोपी इत्यादि तकनीकों के बारे में विस्तार पूर्वक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. बबीता दास एवं डॉ. नूतन पाँचखण्डे द्वारा दिया गया है। इन कार्यशालाओं के आयोजन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा का योगदान रहा।

इसी क्रम में चौथी कार्यशाला 16 से 20 दिसम्बर 2019 एवं पांचवी फरवरी 2020 में आयोजित की जाएगी। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम सें प्रदेश के लगभग 75 पशुचिकित्सक लाभान्वित होंगे। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने इस ट्रेनिंग को आयोजित करने के लिए सर्जरी विभाग को शुभकामनाएँ दी एवं प्रतिभागी पशुचिकित्सकों को एक्स–रे एवं सोनोग्राफी द्वारा पशु कल्याण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर (म.प्र.)